दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, बुधवार 03 अप्रैल 2019 www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए थल सेना की भर्ती रैली

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय थल सेना की भर्ती रैली हेतु इच्छुक युवा आवेदक सेना की वेबसाइट www.joinindia-narmy.nic.in में 02 अप्रैल 2019 से 16 मई 2019 तक ऑनलाईन पंजीयन कर, जिला बिलासपुर में आगामी 01 जून 2019 से प्रारंभ होने वाली भर्ती रैली में भाग ले सकते है। ऑनलाईन पंजीयन उपरांत 18 मई 2019 से इसी वेबसाइट अथवा आवेदक अपने ईमेल एडेप्स से रैली में सम्मिलित होने की तिथि की जानकारी तथा प्रवेश पत्र का प्रिंट ऑउट ले सकते है। आवेदन करने की विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय रायपुर के सूचना पटल पर अथवा वेबसाइट www.joinin-dianarmy.nic.in से अपलोड भी की जा सकती है। भर्ती रैली में सैनिक सामान्य ड्यूटी (जी.डी.) पद के लिए 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण तथा प्रत्येक विषय में कम से कम 33 प्रतिशत अंक आवश्यक है।

### भूपेश बघेल चुनावी दौरे पर 5 को जाएंगे ओड़िशा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक भूपेश बघेल चुनावी दौरे पर 5 अप्रैल को ओड़िशा जाएंगे। वे वहां कोमना और धरमगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### अजीत जोगी नहीं लड़ेंगे कोरबा सीट से चुनाव

**बसपा से परमीत सिंग प्रत्याशी घोषित**

रायपुर (आरएनएस)। कोरबा लोकसभा सीट से पहले चुनाव लड़ने का मन बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने आखिरकार चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने कोरबा सीट के लिए परमीत सिंग का नाम तय कर दिया है। वहीं बिलासपुर से उत्तम गुरू बसपा के प्रत्याशी हो सकते हैं।

### वक्त है नए उम्मीद वाले नए हिन्दुस्तान का : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक पार्टियों में एक-दूसरे के खिलाफ हमले तेज हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर एक बार फिर से केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार रहेंगे दौरे में व्यस्त

**5 अप्रैल को रहेंगे ओडिशा दौरे पर**

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में शामिल प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 05 अप्रैल को ओडिशा दौरे पर रहेंगे। श्री बघेल ओडिशा के कोमरा और धरमगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### आमिर खान के खिलाफ रायपुर कोर्ट में मामला दर्ज

रायपुर। रायपुर से इस वक्त बड़ी खबर आ रही है जहां कोर्ट की तरफ से अभिनेता आमिर खान को नोटिस जारी किया गया है। रायपुर कोर्ट ने उन्हें 19 जून को हाजिर होने का आदेश दिया है। लीना अग्रवाल की कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि 2015 में आमिर खान ने देश में असहिष्णुता की बात कही थी और देश छोड़ने की बात कही थी। जिसको लेकर रायपुर कोर्ट में वैमनस्यता फैलाने को लेकर शिकायत की गई थी। अधिवक्ता दीपक दीवान ने धारा 153क के तहत परिवाद दायर किया था।

### राज्य सरकार ने आईएएस भीम सिंह को विदेश जाने से रोका

रायपुर। आचार संहिता के दौरान मनरेगा का भरती नियम बदलकर सरकार के निशाने पर आए मनरेगा आयुक्त भीम सिंह फिर एक विवाद में घिर गए हैं। बताते हैं, मनरेगा आयुक्त होते वे स्कूल शिक्षा विभाग की टीम के साथ विदेश जाना चाहते थे। लेकिन, सरकार ने झटका देते हुए उनके दौरे पर ब्रेक लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के डायरेक्टर एस प्रकाश ने प्रशासकीय स्वीकृति के लिए विभाग को आठ सदस्यीय टीम का प्रस्ताव भेजा था, उसमें प्रकाश के नाम के बाद दूसरा नाम भीम सिंह का था। प्रस्ताव में प्रकाश ने लिखा था कि भीम सिंह ने विदेश जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया था। इसलिए, उनका नाम जोड़ा जा रहा है। विभाग ने भीम सिंह के नाम पर हैरानी जताते हुए पूछ के कि स्कूल शिक्षा विभाग के ट्रिप में मनरेगा और कृषि विभाग के अफसर का क्या काम? मालूम हो, भीम के पास डायरेक्टर एग्रीकल्चर का पद भी है। डायरेक्टेट के जवाब से असहमति जताते हुए स्कूल शिक्ष विभाग ने भीम सिंह के ग्रीस जाने पर ब्रेक लगा दिया। विभाग के एक अफसर ने भीम सिंह का नाम रोकने की पुष्टि की है। बताते हैं, राजनांदगांव में 2021 में इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन बॉस्केट बॉल चैम्पियनशीप होना है। 2019 का यह चैम्पियनशीप इस साल ग्रीस में आयोजित किया जा रहा है।

### हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरुकता रथ को रवाना किया

भिलाईनगर। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा 23 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागृत करने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से रथ तैयार कर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरुकता रथ को रवाना किया। आयुक्त ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित आनंद के निर्देशानुसार 23 अप्रैल को आम चुनाव 2019 में शत-प्रतिशत मतदान संभव हो इस उद्देश्य को लेकर निगम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत निगम द्वारा तैयार प्रचार रथ को रवाना किया गया है जिसके माध्यम से सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में मतदाता जागरुकता हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार किया जायेगा, साथ ही निगम क्षेत्र के व्यस्तम सड़कों के दोनों किनारे बाजार, एवं व्यवसायिक परिसर के आसपास होर्डिंग्स लगाकर भी लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 71 वर्षीय बुजुर्ग, महिला के मोबाईल पर अश्लील मैसेज भेज कर रहा था परेशान

## अश्लील मैसेज भेजने वाला रिटायर्ड हेडमास्टर निकला

## महिला ने घटना की जानकारी पति को दिया व मिलने बुलाया तब पकड़ाया मैसेज करने वाला

रायपुर (आरएनएस)। रिटायर्ड हेड मास्टर ने एक महिला 30 वर्ष के मोबाईल फोन पर एक साल से लगातार अश्लील मैसेज भेज कर परेशान कर रहा था। घटना की जानकारी महिला ने अपने पति को देकर मैसेज करने वाले को मिलने बुलाया तब पता चला कि अश्लील मैसेज भेजने वाला व्यक्ति रिटायर्ड हेड मास्टर है। प्रार्थिया ने घटना की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर गुढ़ियारी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि



31 जुलाई 2018 से लेकर 31 मार्च 2019 के बीच मोबाईल फोन क्रमांक 62608-66135 के धारक ने लगातार मेरे मोबाईल फोन पर अश्लील मैसेज करके परेशान कर रहा था। महिला ने इस घटना की जानकारी अपने पति को दिया व मैसज करने वाले व्यक्ति को मिलने के लिये बुलाया तब पति ने उसे पकड़कर व मोबाईल फोन अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया तब पता चला कि मैसेज करने वाला एक रिटायर्ड हेडमास्टर चंपालाल शर्मा आयु 71 वर्ष है। घटना की शिकायत दर्ज करायी है पुलिस ने मोबाईल जप्त कर मामले को जांच में लिया है।

# तीसरी आजादी की लड़ाई लड़ रही राजपा

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय जनसभा पार्टी ने भी ताल ठोंकी है। पार्टी के प्रत्याशी सुमनलाल खाण्डे ने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन आज दाखिल किया। नामांकन उपरांत मीडिया से चर्चा में पार्टी के प्रदेश प्रभारी व प्रवक्ता रिटायर्ड एडीजे सेवकराम बंजारे ने कहा कि हम तीसरी आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि सबको समान अवसर दिया जा सके। उन्होंने कहा कि अमीर देश के गरीब लोगों की भलाई के लिए हम काम कर रहे हैं। आज देश में 30 से 40 प्रतिशत जनता गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रही है और ऐसे लोगों के लिए शिक्षा, आर्थिक तरक्की, स्वास्थ्य के लिए काम करने की जरूरत है। कांग्रेस की न्याय योजना पर सवाल




उठाते हुए कि ऐसी योजना लाने की की जरूरत? अगर सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था सही हो, लोगों को रोजगार मिले। श्री बंजारे ने कहा कि 1971 से गरीबी हटाओ का नारा दिया जा रहा है, रोटी, कपड़ा, मकान के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं जबकि देश के संसाधन के सामने यह एक छोटी सी समस्या है। हम 1947 में जिस जगह खड़े थे आज भी वहीं खड़े हैं। प्रदेश में वंचित वर्ग की 60 प्रतिशत आबादी पर इस चुनाव में अपनी पार्टी के लिए सहयोग का भरोसा उन्होंने जताया।

# बोर्ड परीक्षा के 78 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी

## पहली खेप में मिली थीं एक लाख 8 हजार 305 उत्तरपुस्तिकाएं

महासमुंद (आरएनएस)। दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 25 मार्च से प्रारंभ हो गया है। बोर्ड से पहली खेप में मूल्यांकन के लिए एक लाख 8 हजार 305 उत्तरपुस्तिकाएं मिली थी। इसमें से पिछले 6 दिनों में 78 हजार 316 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है।



जिला मुख्यालय स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक बालक स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। पखवाड़ेभर पूर्व दसवीं व बारहवीं बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाएं स्कूल में पहुंची चुकी थीं। जिसे पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम रखा गया था। जिसे 25 मार्च खोला गया था। जिला समन्वयक केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा 10 वीं से मूल्यांकन के लिए कुल 71 हजार 418 एवं 12वीं के लिए कुल 36887 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए मिली थीं। इसमें से 10 वीं में 57 हजार 687 एवं 12 वीं में 20 हजार 629 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी हो चुकी है।

### कक्षा पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षाएं चार से 16 अप्रैल तक

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश की समस्त शासकीय विद्यालयों में पहली बार कक्षा पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षाएं एक साथ चार अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। प्राथमिक स्कूल कक्षा पहली से पांचवी तक की परीक्षा सुबह आठ बजे से दस बजे तक होगी। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्कूल की कक्षा 6वीं से 8वीं तक की परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्राथमिक स्कूल कक्षा पहली से 5वीं तक की परीक्षा में गुरूवार चार अप्रैल को अंग्रेजी, शुक्रवार 5 अप्रैल को हिन्दी, सोमवार 8 अप्रैल को गणित और मंगलवार 09 अप्रैल को पर्यावरण विषय की परीक्षाएं होंगी।

# महिला ने पति के ऊपर लगाया मारपीट का आरोप

## पीड़ित महिला पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय

कोरबा (आरएनएस)। एक महिला ने अपने पति के ऊपर मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाते हुए पुलिस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। उप पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे से मुलाकात कर पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



जानकारी के अनुसार दुर्ग-भिलाई में रहने वाली अल्का सोरी का विवाह 8 वर्ष पूर्व सराईपाली के ग्राम बसना निवासी नरेन्द्र सोरी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों के बाद से ही पति मारपीट व गाली गलौज करने लगा। कई सालों तक अल्का सोरी पति की प्रताड़ना को सहते रही। अल्का सोरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि 8 वर्ष पूर्व उसका विवाह उसके माता-पिता ने बिना मर्जी के नरेन्द्र सोरी से की थी। अल्का सोरी का दो पुत्र है। कुछ दिन पूर्व नरेन्द्र सोरी ने अपनी पत्नी अल्का सोरी की जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में अल्का को गंभीर चोटें आई है। कल उरगा थाना पहुंचकर अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया।

# किसानों-गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना कांग्रेस की प्राथमिकताः ज्योत्सना

कोरबा (आरएनएस)। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने सघन जनसंपर्क के क्रम में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो किसानों व गरीबों की हितैषी है। जब तक किसानों का जीवन स्तर ऊंचा नहीं उठेगा, उनका सामाजिक और आर्थिक विकास नहीं होगा तब तक बेहतर ग्रामीण समाज की कल्पना साकार नहीं हो सकती। गरीबों को राहत देने के लिए एवं उनका उत्थान करने जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, नीतिगत निर्णय लिए गए। आप सबने हाल ही के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार चुनी और सरकार बनने के दो घंटे के भीतर ही किसानों का कर्जा हमारी सरकार ने माफ किया। गरीबों को बीपीएल कार्ड में मिलने वाले चावल की मात्रा को बढ़ाकर प्रत्येक कार्ड 35 किलो चावल कर दिया है। मजदूरों को भी अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कांग्रेस जो कहती है वो करती है।


# पंजीयन सत्यापन के आवेदन 10 तक

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में 10वीं, 12वीं के एन.सी.ओ. प्राप्त पंजीकृत ऐसे पुरूष आवेदक जिनकी आयु 1 अप्रैल 2019 को 18 से 28 वर्ष के मध्य हो एवं उनके जीवित पंजीयन की वरिष्ठता दिनांक 1 जनवरी 2007 से 31 दिसम्बर 2017 के मध्य हो।

उपरोक्त निर्धारित गणनक तिथि को अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों की आयु अधिकतम 31 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों की आयु अधिकतम 33 वर्ष होना चाहिए। उपरोक्तानुसार योग्य आवेदक अपने जीवित पंजीयन की मूल छायाप्रति के साथ आगामी 10 अप्रैल 2019 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर, सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

# मौसम ने बदली करवट, केदारनाथ धाम सहित ऊंची पहाड़ियों में फिर बर्फबारी


रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। सोमवार को दोपहर बाद जिले में एक बार फिर मौसम बदल गया। एक ओर केदारनाथ धाम सहित ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई तो मुख्यालय सहित जिले के सभी स्थानों पर हवा के साथ हल्की बारिश हुई। सोमवार को जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। दोपहर बाद मुख्यालय सहित सभी स्थानों पर हवा के साथ हल्की बारिश हुई। हवा के चलते कुछ देर बिजली आपूर्ति भी बंद रखी गई। इधर केदारनाथ धाम सहित



आसपास की ऊंची पहाड़ियों में दोपहर बाद बर्फबारी हुई। यहां बर्फबारी के चलते ठंड ज्यादा महसूस हुई। इधर केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने वाली टीम को भी को सोमवार को खराब मौसम का सामना करना पड़ा। दोहपर बाद इस टीम को बर्फ हटाने में दिक्कतें हुई। वहीं केदारनाथ धाम के आसपास अब भी 8 फीट बर्फ मौजूद है। कुछ दिनों पहले मौसम साफ था किंतु अचानक हुई बर्फबारी से केदारनाथ में एक बार फिर ठंड अधिक हुई।

# आइसक्रीम खाने से कम होता है तनाव और मोटापा, ये भी हैं फायदे

मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी-यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बड़ों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन,



कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह-सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योरिन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइसक्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी।

# कलंक से माधुरी दीक्षित के फैन्स की विश होगी पूरी

फिल्म कलंक के टीजर के बाद रिलीज किए गए गाने घर मोरे परदेसिया को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसमें पहली बार लोगों ने आलिया भट्ट को क्लासिकल डांस करते हुए देखा। सॉन्ग में माधुरी दीक्षित भी थीं, लेकिन उनका इसमें ज्यादा डांस नहीं था। ऐसे में एक्ट्रेस के फैन्स फिल्म में माधुरी के डांस सीन्स को देखने की भी डिमांड करते दिखे थे। अब लगता है उनकी यह विश पूरी होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक,



पीरियड फिल्म कलंक में एक सॉन्ग को माधुरी पर शूट किया गया है, जिसमें फैन्स इस एजलेस ब्यूटी का डांस देख सकेंगे। कहा जा रहा है कि फैन्स की डिमांड को पूरा करने के लिए इस गाने को तैयार किया गया है। फिलहाल इस गाने के टाइटल से लेकर उसके रिलीज होने की तारीख के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी है। ऐसे में फैन्स अब सिर्फ इंतजार ही कर सकते हैं। बता दें कि, कलंक एक पीरियड ड्रामा फिल्म है।

# साहो में धमाकेदार ऐक्शन सीन्स के लिए प्रभास कर रहे हैं तैयारी

बाहुबली से दिल जीत लेने वाले ऐक्टर प्रभास एक बार फिर ऑडियंस को इम्प्रेस करने की तैयारी में हैं। अपनी अपकमिंग फिल्म साहो में वह एक से बढ़कर एक ऐक्शन सीन्स करते दिखाई देने वाले हैं। इन सीन्स को परफेक्ट बनाने के लिए प्रभास कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए वह अलग-अलग तरह से तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐक्शन सीन्स और फिल्म में फिट दिखने के लिए प्रभास एक्सरसाइज के साथ ही अपनी डायट का भी



खास ध्यान रख रहे हैं। उनकी कोशिश है कि इस ऐक्शन-पैक्ड फिल्म में उनके ऐक्शन सीक्वेंस वास्तविक लगें।

हॉलिवुड फिल्म ट्रान्सफॉर्मर के मशहूर स्टंट डायरेक्टर कैनी बेट्स इस फिल्म के ऐक्शन सीन्स को डायरेक्ट करेंगे। कहा जा रहा है कि प्रभास की मेहनत और कमिटमेंट को देख वह काफी इम्प्रेस हैं।

# मेकओवर के बाद दृष्टि धामी का नया अवतार

टीवी इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत चेहरों में से एक एक्ट्रेस दृष्टि धामी पिछले काफी समय से छोटे पर्दे से दूर हैं। अपनी अदाकारी के दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली दृष्टि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें अपने फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। हाल ही में दृष्टि ने हाल ही में मेकओवर किया है। उन्होंने मेकओवर के बाद की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इस तस्वीरों में दृष्टि का लुक पहले से एकदम अगल लग रहा है। नए हेयरकट के कारण दृष्टि का पूरा लुक ही बदला हुआ नजर आ रहा है। एक फोटो में



दृष्टि टॉप और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे फोटो में वह एकदम क्लासी लुक में नजर आ रही हैं।